**उत्तरी – पूर्वी क्षेत्र (2000–1000 ई. पू.)**


यहाँ के महत्वपूर्ण स्थल असम के कच्छारी मैदानों में सारातारू, मरकडोला तथा देवा जालिहेडिंग है। यहाँ भी पशुपालन मुख्य व्यवसाय था कृषि पर कम बल दिया जाता था। यहाँ के औजार दक्षिणी पूर्वी एशिया के औजारों से मिलते जुलते हैं। अतः कुछ विद्वान मानते है कि दोनों में सम्बन्ध था।

**अन्य क्षेत्र की नवपाषाणिक बस्तियाँ**

अन्य क्षेत्रों में चिरांद (छपरा, बिहार यहाँ से पत्थर के औजार नहीं मिले हैं लेकिन हिरण के सींग पर बने औजार भारी मात्रा में मिले हैं) पांडुरजारढिबि तथा महिषडल (दोनों पं. बंगाल) तथा कुचाई (उडीसा) आदि मुख्य हैं।

जीवाश्मों / पुरावस्तुओं का तिथि निर्धारण

- निरपेक्ष तिथि निर्धारण विधि
  Absolute dating method
  → वस्तुओं के भौतिक + रासायनिक गुणों के विश्लेषण के आधार पर किया जाता है।
  - कार्बन–14 डेटिंग $C_{14}$ Dating
  - k-Ar Dating
  - थर्मो लुमिनेसेंस डेटिंग
  - डेंड्रोक्रोनोलोग्य डेटिंग
- सापेक्ष तिथि निर्धारण
  Relative dating
  → इसका निर्धारण उत्खनन के स्तरों के सामान्य समझ तथा वस्तुओं की तुलना करके किया जाता है।




**निरपेक्ष तिथि निर्धारण विधियाँ**

(1) $C_{14}$ डेटिंग – $C_{14}$ तिथि निर्धारण कार्बन के दो समस्थानिकों – $C_{12}$ एवं $C_{14}$ के आपसी विश्लेषण के आधार पर किया जाता है। यह केवल जीवित जीवों जो मर चुके हैं (Animal and Plants) के मामले में ही किया जाता है। इसकी खोज अमेरिकी वैज्ञानिक विलियर्ड लिब्बा ने की थी। इसके लिए उन्हें वर्ष 1949 में केमिस्ट्री का नोबेल प्राप्त हुआ था।

(2) पोटैशियम – ऑर्गन (K–Ar) dating – निर्जीव वस्तुओं के मामले में विशेषतः चट्टानों के मामले में इसका प्रयोग किया जाता है।

K- Ar40 Change - Radioactive

यह सभी ज्ञात विधियों में सबसे प्राचीन तिथि निर्धारण करने वाली विधि है। चट्टानों के अत्यंत प्राचीन तिथि का निर्धारण करने में इसका इस्तेमाल किया जाता है (मुख्यतः भूगर्भ विज्ञान Geology में)